प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषा में उपलब्ध करवाने पर दिया बल ।
- मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू कल मंडी मे आपदा प्रभावितों को राहत राशि करेंगे वितरित।
- शिमला का सात दिवसीय विंटर कार्निवाल 25 से 31 दिंसबर तक । नगर निगम शिमला प्रशासन तैयारियों में जुटा।
- क्रिकेटर रेणुका ठाकुर आज पहुंचेगी अपने पैतृक गांव –प्रशासन सहित ग्रामीणों द्वारा किया जायेगा भव्य स्वागत।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषा में उपलब्ध करवाने पर बल दिया है। वे कल नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केन्द्र सरकार ने न्याय की सुगमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

संसद सत्र

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली दिसंबर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है जो लोकतंत्र को मजबूत करने सहित देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

मुख्यमंत्री–दौरा

मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू कल मंडी जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नगवाईं के पनारसा में सरकारी डिग्री कॉलेज का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मंडी के पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आपदा राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री का यहां एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

धर्माणी

इस बीच तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज प्रदान करना राज्य सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कल मण्डी में एक कार्यक्रम में आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के परिवारजनों को चार–चार लाख रूपए की राहत राशि वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद प्रभावितों की राहत राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की है।

सुनील शर्मा बिटटू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में खेलों का आधुनिक ढांचा विकसित करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रेरित करने की दिशा में कई सराहनीय कदम उठाए हैं। हमीरपुर के अणु में 14वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेमस का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इसी कड़ी में नादौन में लगभग 120 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडिटयम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को आवश्यक सभी सुविधायें प्रदान करने के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

सेब निर्यात

जनजातीय ज़िला किन्नौर का सेब अपनी खास मिठास और गुणवत्ता के लिए देशभर में मशहूर है। किन्नौर उद्यान विभाग के उप–निदेशक डॉ.भूपेन्द्र नेगी ने बताया कि इस वर्ष किन्नौर ज़िले के 3 ब्लॉक कल्पा, निचार ओर पूह से कुल 33 लाख 51 हजार 7 सौ 52 पेटियां देश की विभिन्न मंडियों में

शिमला कार्निवाल

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सात दिवसीय विंटर कार्निवाल 25 से 31 दिंसबर तक आयोजित किया जायेगा। विंटर कार्निवाल को लेकर नगर निगम शिमला महापौर सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में कल एक बैठक  कर आगामी तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा हिमाचली लोक संगीत नृत्य और हिमाचली परिधानों का फैंशन शो आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

जीएसटी

अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवास सामग्री और सेवाओं पर कर में कमी की पेशकश करके आवास और निर्माण क्षेत्र को राहत प्रदान की है। नए सुधार के साथ सीमेंट पर कर की दर पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इस फैसले से भवन निर्माण की लागत में कमी आई है और मकान खरीददारों और डेवलपर्स पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। पेश है ये रिपोर्ट..........1:02..............

*अगलीपीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवास सामग्री और सेवाओं पर कर में कमीकी पेशकश करके आवास और निर्माण क्षेत्र को राहत प्रदान की है। नए सुधार के साथ सीमेंटपर कर की दर पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इस फैसले से भवन निर्माण की लागत में कमी आई है और मकानखरीदारों और डेवलपर्स पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। इसके अलावा संगमरमर और ग्रेनाइट ब्लॉकोंपर अब 12 प्रतिशत की जगह केवल 5 प्रतिशतजीएसटी लगेगा, जिससे फर्श और फिनिशिंग की लागत कम हो जाएगी। इसीप्रकार, रेत–चूने की ईंटों पर भी कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है,जिससे आवास निर्माण की लागत कम हो गई है। इसके साथ ही ईंटों के जॉब वर्कपर जीएसटी को भी 12 प्रतिशत के कर स्लैब से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण आवास की लागत कम हुई है और ईंट भट्टे चलाने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग– एमएसएमई को समर्थन मिला है। संशोधित ढांचे के तहत यह युक्तिकरण न केवल निर्माण क्षेत्र में एमएसएमई को मजबूत कर रहा है और रोजगार पैदा कर रहा है, बल्किघरों और बुनियादी ढांचे को और अधिक किफायती भी बना रहा है।*

रेणुका

महिला विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर आज अपने पैतृक गांव रोहडू के पारसा पहुंचेगी। रेणुका के स्वागत के लिए परिजनों सहित ग्रामीण और प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। रेणुका सबसे पहले हाटकोटी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी । उसके बाद प्रशासन की ओर से एस.डी.एम. कार्यालय सभागार में रेणुका के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। दोपहर बाद रेणुका अपने गांव पारसा पहुंचेगी जहां ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया जायेगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुकखू के हवाले से अमर उजाला का शीर्षक है–भाजपा नेता सच में पांडव हैं तो केंद्र से हिमाचल का हक दिलाएं।

पंजाब केसरी लिखता है– उपभोक्ताओं को अब एक से अधिक बिजली मीटर पर सबसिडी देने की तैयारी ।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–हिमाचल को बी.बी.एम.बी. मे मिलेगी स्थाई सदस्यता।

दैनिक भास्कर की एक खबर है– सरकार का बड़ा फैसला– ठेकदारों को काम पूरा होने पर ही मिलेगा दूसरा ठेका– ए श्रेणी के ठेकदारों को एक समय में 20–20 करोड़ के दो ही कार्य मिलेंगे।

मौसम पर आपका फैसला लिखता है– कांगड़ा और मंडी की रातें शिमला से भी ठंडी– शीतलहर चलने से जनजातीय क्षेत्रों मं जमने लगे जल स्रोत।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषा में उपलब्ध करवाने पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू कल मंडी मे आपदा प्रभावितों को राहत राशि करेंगे वितरित।
- शिमला का सात दिवसीय विंटर कार्निवाल 25 से 31 दिंसबर तक । नगर निगम शिमला प्रशासन तैयारियों में जुटा।
- क्रिकेटर रेणुका ठाकुर आज पहुंचेगी अपने पैतृक गांव प्रशासन सहित ग्रामीणों द्वारा किया जायेगा भव्य स्वागत।

..............................................................................................................................